F.N.CSU/LKO/Dir/2020-21/01/
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर
विशाल खण्ड-04, गोमती नगर, लखनऊ-226010
☎ 0522-2393748, Email- ksvvlucknowcampus@gmail.com

कार्यालय आदेश

संख्या- दिनांक-20-06-2021

कोविड-19 के प्रसार की स्थिति में सुधार को देखते हुए निर्गत राज्य सरकार के दिशानिर्देशानुसार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर दि. 21.6.2021 से पूर्ण क्षमता के साथ सोमवार से शुक्रवार प्रात: 9.30 से सायं 6.00 बजे तक खुला करेगा | परिसर में कार्यरत शिक्षक , अधिकारी, कर्मचारी एवं पालि केन्द्र में कार्यरत पी.डी.एफ. उपर्युक्त दिनों में परिसर में उपस्थित रहा करेंगे | उपर्युक्त सभी कोविड प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन करेंगे। 2 गज की दूरी और मास्क लगाना अपरिहार्य होगा| इसकी निगरानी CCTV कैमरे फुटेज के माध्यम से की जायगी| परिसर में 2 गज की दूरी का पालन नहीं करने और मास्क नहीं लगाने की स्थिति में CCTV कैमरे फुटेज के आधार पर प्रतिदिन रू.200 के दण्ड की कटौती वेतन से मासान्त में स्वत: हो जाया करेगी| इसके लिए पृथकतया कोई आदेश निर्गत नहीं होगा|

कक्षाएं online चलेंगी| सभी शिक्षक न्यूनतम 5 घण्टे परिसर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे ताकि कक्षा के अतिरिक्त समय में अन्य शैक्षिक एवं प्राशासनिक गतिविधियां सुचारू रूप से चल सके| क्योंकि निकट भविष्य में NAAC द्वारा प्रत्यायन और मूल्याङ्कन कराया जाना है| शिक्षक कितने बजे से कितने बजे तक 5 घण्टे परिसर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे इसका निर्णय शिक्षक अपनी कक्षा समय के अनुसार स्वयं करेंगे और इसकी सूचना लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को देंगे| इण्टरनेट आदि संसाधन जिस रूप में इससमय उपलब्ध हैं तदनुसार कक्षाओं का संचालन करेंगे| आवश्यकतानुसार व्यक्तिगत इण्टरनेट का भी उपयोग कर छात्रहित में सहयोग करने की कृपा करेंगे| आर्थिक स्थिति सुदृढ होते ही समुचित इण्टरनेट व्यवस्था करने का प्रयास किया जायगा| साफ सफाई, सेनेटाइजेशन, पेयजल और एतत्सम्बन्धी अन्य कार्य केअरटेकर द्वारा सम्पन्न कराये जायेंगे| **पूर्व में कोविड 19 से उत्पन्न स्थिति के प्रभाव में निर्गत सभी सूचनाएं,आदेश आदि तत्काल प्रभाव से निरस्त माने जाएंगे|**

(प्रो. सर्वनारायण झा)
निदेशक

प्रतिलिपि-

1. उपर्युक्त सभी को सूचनार्थ
2. कार्यालय आदेश संचिका
3. सम्बंधित संचिका
4. परिसर की बेवसाइट
5. गार्ड फाइल
6. अतिरिक्त प्रति

Scanned by CamScanner